पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने देवां शरीफ जाकर चादरपोशी की

देवां शरीफ एकता, प्रेम और सौहार्द की धरती है - राज्यपाल

लखनऊः 28 मई, 2015

उत्तर प्रदेश में कई जगह गया हूँ। कभी इस जिले कभी उस जिले। कहते है न कि चिराग तले अंधेरा। देवां शरीफ आने का रह गया था। आज यहाँ आया हूँ। यहाँ आने के लिये किसी आमंत्रण की जरूरत नहीं होती। कुछ स्थान ऐसे होते हैं जहाँ सभी धर्म के लोग आते हैं। हिन्दू-मुस्लिम, बूढ़े-बच्चे सब यहाँ आते हैं। ऐसे स्थान पर आने से मन को शांति मिलती है। देवां शरीफ का स्थान सबसे ऊंचा है।

यह उद्‌गार प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने आज देवां शरीफ में हाजी वारिस अली शाह की दरगाह पर चादर चढ़ाने के बाद व्यक्त किये। राज्यपाल ने अपनी ओर से तथा प्रदेश की जनता की ओर से चादरपोशी की। उन्होंने देश एवं प्रदेश के विकास एवं सुख-शांति के लिए दुआएं की।

श्री नाईक ने कहा कि यह देश सबका है। देश को आगे बढ़ाने का संकल्प लेते हुए देश को विकास के रास्ते पर ले जाने की जरूरत है। सभी धर्म के लोग एकता और सौहार्द से रहते हैं। आपस में मिलजुलकर प्रेमपूर्वक रहना चाहिए। सभी धार्मिक स्थान चाहे मंदिर, मस्जिद, गुरूद्‌वारा या चर्च हो, मन को शांति देते हैं। जो रब है वही राम है, दोनों में कोई फर्क नहीं है। उन्होंने कहा कि देवां शरीफ एकता, प्रेम और सौहार्द की धरती है।

राज्यपाल ने इस अवसर पर आल इण्डिया वारसी मुस्लिम समाज के नवीन कार्यालय का उद्‌घाटन किया तथा एक पत्रिका का भी लोकार्पण किया।

ALL INDIA MUSLIM WARSI SAMAJ
National Integration Unity
ALL INDIA MUSLIM WARSI SAMAJ
National Integration Unity